**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–28 सितम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश के कई जिलों में भारी वर्षा का सिलसिला जारी। जन–जीवन हुआ अस्त–व्यस्त। कई जिलों में जारी हुए स्कूल बन्द करने के आदेश।
- प्रदेश के सभी जिलों में कल उत्साह के साथ मनाया गया विश्व पर्यटन दिवस। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा–ईको टूरिज्म का हब बन गया है उत्तर प्रदेश।
- पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेने में लखनऊ पहले स्थान पर। टॉप फाइव में हैं वाराणसी, कानपुर, आगरा और कानपुर नगर।
- कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में भारत–बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन बांग्लादेश ने तीन विकेट पर बनाए एक सौ सात रन।

**********

प्रदेश के कई जिलों में हो रही भारी वर्षा से लोगों को गर्मी से राहत मिली है लेकिन जल–भराव और बारिश की निरन्तरता के चलते जन–जीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। लखनऊ, गोरखपुर सहित प्रदेश के लगभग सभी जिलों में घने बादल छाये हुए हैं और कल देर रात से गरज–चमक के साथ तेज हवा के बीच वर्षा का सिलसिला जारी है।

वर्षा के कारण प्रदेश के कई जिलों से दुर्घटनाओं की खबर भी मिल रही है। फतेहपुर जिले में कल बिजली गिरने से दो बच्चियों की मौत हो गयी जबकि दो महिलाओं सहित चार लोग गम्भीर रूप से झुलस गये। उधर, मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में अगले दो दिन के लिये भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। लखनऊ मौसम केन्द्र के वैज्ञानिक के अनुसार पड़ोसी देश नेपाल से सटे जिलों में भारी बारिश का पूर्वनुमान है। इसके अलावा प्रदेश के बीच के हिस्से में मध्यम बारिश के आसार हैं। कई जिलों में भारी वर्षा की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूलों को बन्द रखने का निर्देश जारी किया है। अम्बेडकरनगर में जिलाधिकारी ने इण्टर तक के सभी स्कूल आज बन्द कर दिये हैं। अयोध्या में भी इण्टर तक के स्कूलों को आज बन्द रखने का निर्देश जिलाधिकारी ने जारी किया है। जौनपुर और कुशीनगर जिले में कक्षा आठ तक के स्कूलों को आज बन्द रखने का निर्देश जारी हुआ है।

**********

प्रदेश भर में कल विश्व पर्यटन दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। विभिन्न जिलों में इस अवसर पर तरह–तरह के आयोजन किये गये और पर्यटन को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर प्रदेश वासियों को बधाई देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

***डबल इंजन की सरकार पर्यटकों कि रुचि और उनकी सुविधा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आज यूपी अपनी बेहतरीन कनेक्टिविटी के लिए जाना जाता है दो हजार पच्चीस मकर संक्रांति से लेकर के छब्बीस फरवरी दो हजार पच्चीस तक प्रयागराज में लगने वाला महाकुंभ दो हजार पच्चीस दुनिया भर के हमारा अनुमान है चालीस करोड़ श्रद्धालु इस आयोजन में भाग लेकर के उत्तर प्रदेश इस अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के प्रति दुनिया को अपनी ओर आकर्षित करेंगे प्रधानमंत्री मोदी जी के विजन के अनुरूप देश और दुनिया को अपनी ओर आकर्षित करने और उत्तर प्रदेश को पर्यटकों के एक बेहतरीन दृष्टिनेशन के रूप में आगे में हम सब सफल होंगे।***

पर्यटन दिवस के अवसर पर झांसी में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। ताजनगरी आगरा में पर्यटन उद्योग से जुड़े होटल और रेस्टोरेंट स्वामियों ने विचार गोष्ठी के साथ ही कई कार्यक्रमों के आयोजन किए। वहीं काशी में वाराणसी टूरिज्म गिल्ड की ओर से पर्यटन पद यात्रा का आयोजन किया।

**********

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत प्रदेश भर में एक सौ पचपन घंटे का नॉन–स्टॉप मेगा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान दो अक्टूबर को महात्मा गांधी की एक सौ पचपनवीं जयंती के अवसर पर समाप्त होगा। इसी क्रम में मऊ के जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता गोष्ठी में लोगों को स्वच्छता शपथ दिलायी। वही शामली की रहने वाली दिव्यांग युवा समाजसेवी पायल ने सरकार की इस पहल को समाज और लोगों के लिए जरुरी बताया है।

***सफाई हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है और यह हमारे जीवन की प्राथमिकता भी है कि प्लास्टिक बंद का आह्वान कर कई कड़े कानून बनाए गए हैं। दरअसल प्लास्टिक द्वारा हमारे जन जीवन हमारे वातावरण पशु पक्षी और हमारे जीवन के लिए बहुत घातक है। प्रकृ***

***ति में संतुलन बनाए रखने के लिए हम सभी को पेड़ पौधे लगाना अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि जब तक हम पेड़ पौधे नहीं लगाएँगे तो हमारा वातावरण स्वस्थ नहीं रह पाएगा, स्वच्छ नहीं रह पाएगा।***

फतेहपुर में इस अभियान के तहत स्वच्छता हीरो कार्यक्रम चलाया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के गांवों में भी इस अभियान का व्यापक असर देखने को मिल रहा है। एक लाभार्थी मोहसिन ने बताया कि–**(बाइट–मोहसीन)**

**********

पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेने में लखनऊ प्रदेश में पहले स्थान पर है। इस वर्ष पन्द्रह फरवरी को शुरू हुई इस योजना के तहत लखनऊ में सर्वाधिक रूफ टॉप पैनल लगाये गये हैं। वहीं वाराणसी, कानपुर, आगरा और कानपुर नगर टॉप फाइव में हैं। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा के दौरान बताया कि प्रदेश में लखनऊ जनपद में सर्वाधिक ग्यारह हजार चार सौ पैंतीस सोलर रूफ टॉप पैनल इंस्टाल किए गए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में इस योजना के तहत अब तक चार हजार अट्ठासी सोलर पैनल इंस्टॉल हुए हैं।

**********

ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे दिन कल वैश्विक बाज़ार में नेविगेशन, भारतीय निर्यातक के लिए संभावित चुनौतियों और रणनीतियों पर उद्योग निर्यात संगठनों के महासंघ द्वारा सत्र का आयोजन किया गया, जिससे प्रदेश सरकार के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, और कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी और मुख्य सचिव आलोक कुमार शामिल हुए।

**********

मंकीपॉक्स को लेकर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र–शासित प्रदेशों को एडवायज़री जारी की है। राज्यों को निर्देश दिए गए हैं कि वे मंकीपॉक्स बीमारी के बारे में जागरुकता बढ़ाने वाली गतिविधियां आयोजित करें। स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों से रणनीतिक निगरानी बनाये रखने का अनुरोध किया है।

**********

पूर्व विधायक बैजनाथ रावत को उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति–जनजाति आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। पूर्व विधायक बेचन राम और जीत सिंह खरवार को आयोग का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। आयोग में सोलह सदस्य भी बनाये गये हैं, जिसमें तीन महिलायें शामिल हैं।

**********

पीलीभीत टाइगर रिजर्व से निकलकर तीन लोगों को मौत के घाट उतारने वाले बाघ को गोरखपुर प्राणी उद्यान भेज दिया गया है। बाघ की निगरानी के लिए चार सदस्यीय निगरानी टीम बनाई गई है।

**********

राज्यपाल एवं कुलाधिपति, श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में कल कानपुर के हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय का छठवां दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। राज्यपाल ने प्राविधिक शिक्षा के विभिन्न पाठ्यक्रमों के स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को आठ सौ निन्यानबे उपाधियाँ प्रदान कीं। इस दौरान अड़तालीस मेडल मेधावी विद्यार्थियों को दिए गए।

**********

कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में कल से भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा और आखिरी टेस्ट मैच शुरु हुआ। मैच के पहले दिन भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक कानपुर में हल्की से भारी बारिश के आसार है, जिसका असर खेल पर पड़ सकता है। पेश है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट.......

***कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम में शुरू हुए भारत–बंगलादेश टेस्ट मैच का शुभारम्भ विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना और उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ निधिपति सिंघानिया ने घंटी बजाकर किया। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी को चुना। ख़राब मौसम के चलते पहले दिन केवल 35 ओवर का ही खेल हो सका जिसमे बांग्लादेश ने 35 ओवर में तीन विकेट पर 107 रन बनाये है। राजेश श्रीवास्तव आकाशवाणी समाचार, कानपुर।***

**********

हज कमेटी ऑफ इण्डिया ने हज यात्रा दो हजार पच्चीस के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को तेइस सिंतबर से बढ़ाकर तीस सितंबर कर दिया है। हज यात्रा के लिए आवेदक के पास अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट की वैधता पन्द्रह जनवरी दो हजार छब्बीस तक होना जरूरी है।

**********